<u>MID-TERM EXAMINATION</u>

SUBJECT — HINDI (MIL)

CLASS — VI

FULL MARKS — 80 PASS MARKS — 24

TIME — 3 HOURS

General Instruction:

i) The candidates are advised to attempt all questions accordingly.

ii) Marks allocated to every question is indicated against each.

iii) Do not copy the questions. Write only the answer and number them correctly.

SECTION - 'A' / खण्ड - 'क' (गद्य - भाग)

---

1. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए:

1x4 = 4

(क) जंगल में कितने डाकू रहते थे?

(i) दो (ii) तीन (iii) दस (iv) पाँच

(ख) संध्या समय पूरब की ओर क्या उगने लगा?

(i) सूरज (ii) चाँद (iii) पेड़ (iv) पंछी

(ग) राहगीरों के पास क्या नहीं रहा करता था?

(i) खाना (ii) पानी (iii) रुपया-पैसा (iv) शांति

(घ) भारत के प्रथम राष्ट्रपति कौन थे?

(i) डॉ राजेंद्र प्रसाद (ii) जवाहरलाल नेहरू (iii) महात्मा गाँधी

2. कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति करें: 1x4 = 4

(ब्राह्मण, लौटाऊँगा, क्रोध, फाउंटेन)

(क) थोड़ी ही देर में राष्ट्रपति का _________ शांत हो गया।

(ख) अचानक एक _________ पेन नीचे गिरा और टूट गया।

(ग) किसी गाँव में एक _________ रहा करते थे।

(घ) मैं दो-एक दिन के भीतर ही _________।

3. दिए गए शब्दों के अर्थ लिखिए: 1x4 = 4

(क) भयंकर (ख) शांति (ग) त्रुटि (घ) व्यर्थ

4. नीचे दिए गए सही कथन के सामने 'सही' (✓) और गलत कथन के सामने 'गलत' (x) का चिन्ह लगाएँ: 1x4 = 4

(क) अचानक दो-सौ अन्य डाकू भी आ गए।

(ख) अंत में सिर्फ दो आदमी बचे रहे और शेष सभी मारकाट में समाप्त हो गए।

(ग) उनमें से एक तलवार लेकर वृक्ष पर चढ़ गया।

(घ) शिष्य रुपया-पैसा लेकर चार-पाँच दिन के भीतर ही आ पहुँचा।

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए: 2x4 = 8

(क) ब्राह्मण कौन-सा करामाती मंत्र जानता था?

(ख) बाद में आने वाले डाकुओं ने ब्राह्मण को क्यों मार दिया?

(ग) राजेंद्र बाबू के कोई चार गुणों को बताइए?

(घ) चपरासी राजेंद्र बाबू के चरणों से क्यों जा लिपटा?

6. अपने अनुमान और कल्पना द्वारा उत्तर दीजिए: 5x1 = 5

(क) आप कितने स्वावलंबी हैं? कम से कम दो उदाहरण देकर बताइए।

अथवा (OR)

(ख) राजेंद्र बाबू पर (लगभग 100 शब्दों में) एक अनुच्छेद लिखिए।

SECTION - 'B' / खण्ड - 'ख' (पद्य - भाग)

7. सही मिलान कीजिए: **1x4 = 4**

(क) यह लघु सरिता	(i) कठिन पत्थर
(ख) कितना शीतल	(ii) जब पथ पर
(ग) मिलता है इसको	(iii) कितना निर्मल
(घ) पथ रोके खड़ा	(iv) का बहता जल

8. नीचे दिए गए कविता की पंक्तियों को पूरा कीजिए: **1x4 = 4**

(क) काट अंध-उर के ____________________ ।

(ख) बहा जननि ____________________ ।

(ग) कलुष भेद, तम हर, ____________________ ।

(घ) जगमग ____________________ ।

9. निम्नलिखित में से किसी एक पद्य का आशय स्पष्ट कीजिए: **5x1 = 5**

(क) हिमगिरि के हिम से निकल-निकल,
यह विमल दूध-सा हिम का जल।

(ख) जल-कुंडों में करके नर्तन,
करके अपना बहु परिवर्तन।

10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में लिखिए: **1x5 = 5**

(क) सरिता का जल कैसा है?

(ख) सरिता का जल कहाँ से निकलता है?

(ग) विद्या की देवी कौन है?

(घ) कवि ने भारत के प्रत्येक व्यक्ति को किसके समान बताया है?

(ङ) कविता में आए नदियों के नाम लिखिए।

11. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए: 2x4 = 8

(क) कवि भारत में प्रिय स्वतंत्र स्वर भरने की बात क्यों कर रहा है?

(ख) कवि देवी से प्रकाश भर जग को जगमगाने की बात क्यों करता है?

(ग) सरिता अपना रूप परिवर्तन किस प्रकार करती है?

(घ) कवि ने सरिता को कोमल एवं वत्सल क्यों कहा है?

12. हमारे देश में सदियों से नदी को माँ मानने की परंपरा रही है। इस दृष्टि से नदी का जल हमारे लिए क्यों महत्वपूर्ण है? (लगभग 100 शब्दों में लिखिए) 5x1 = 5

SECTION - 'C' / खण्ड - 'ग' (व्याकरण एवं रचना)

---

13. भाषा किसे कहते हैं? (2)

14. हिन्दी में कितने वर्ण हैं? प्रत्येक को लिखिए। (2)

15. निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए: 1x4 = 4

(क) स्वतंत्र (ख) वर (ग) शीतल (घ) शांति

16. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए: 1x4 = 4

(क) जल (ख) जननी (ग) क्रोध (घ) आँख

17. दिए गए विशेषणों को भाववाचक संज्ञा में बदलिए: 1x4 = 4

(क) प्रसिद्ध (ख) लोकप्रिय (ग) श्रेष्ठ (घ) बुद्धि

18. 'ईश्वरचंद्र विद्यासागर' के बारे में एक निबंध (लगभग 100 शब्दों में) लिखिए। (4)

अथवा

अपनी कक्षा के बारे में एक अनुच्छेद (100 शब्दों में) लिखिए। (4)